C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 320 | बिजौलिया - सोमवार, 01 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## कार पर बरसे डंडे तो समझ गया, मुझे मारने की मंशा थी : मदन राठौड़

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- ज्ञापन देना होता तो खुद गाड़ी से उतर जाता, राजनीति में मर्यादा और शुद्धिकरण की जरूरत**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आरएलपी कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदर्शनकारियों का मकसद केवल विरोध जताना नहीं था, बल्कि उनकी मंशा उन पर हमला करने की थी। उन्होंने कहा कि जब उनकी कार पर डंडों से प्रहार किया गया तो उन्हें एहसास हो गया कि मामला केवल ज्ञापन सौंपने तक सीमित नहीं है।

रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राठौड़ ने कहा कि वह पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। यदि कार्यकर्ताओं को कोई ज्ञापन देना था तो वे स्वयं वाहन से उतरकर उसे लेने के लिए तैयार थे, लेकिन जिस तरह उनकी गाड़ी को निशाना बनाया गया, उससे विरोध के पीछे की मंशा साफ दिखाई दी।



राठौड़ ने कहा कि पूरा राजस्थान उनके स्वभाव से परिचित है और वे हमेशा संवाद व लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन विरोध की भी एक मर्यादा और गरिमा होनी चाहिए।

### 'राजनीति में भाषा और व्यवहार दोनों मर्यादित होने चाहिए'

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन नेताओं और कार्यकर्ताओं की भाषा ऐसी होनी चाहिए कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद आपसी सम्मान बना रहे। उन्होंने कहा कि शब्दों का चयन ऐसा होना चाहिए कि आमने-सामने मिलने पर नजरें झुकानी न पड़ें।

उन्होंने राजनीति में शुद्धिकरण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि अभद्र भाषा और आक्रामक व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करते हैं। ऐसे लोगों को आत्मचिंतन करने की जरूरत है जो राजनीतिक संवाद की जगह टकराव का रास्ता चुनते हैं।

### राहुल गांधी पर भी साधा निशाना

राहुल गांधी के पुष्कर दौरे और कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि यदि भाजपा के प्रशिक्षण मॉडल से दूसरे दल प्रेरणा लेते हैं तो यह स्वागत योग्य है। हालांकि उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता उसके प्रशिक्षक पर निर्भर करती है और राहुल गांधी किस तरह के प्रशिक्षक हैं, यह देश और दुनिया अच्छी तरह जानती है। राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सशक्त विपक्ष जरूरी है, लेकिन विपक्ष की भूमिका जिम्मेदार, संयमित और जनहित केंद्रित होनी चाहिए। लोकतंत्र संवाद से चलता है, टकराव और हिंसा से नहीं।

## ईंट भट्टे पर करंट लगने से युवक की मौत, आंधी-तूफान के बीच हुआ हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

थाना क्षेत्र के सूरत सिंह जी का खेड़ा स्थित एक ईंट भट्टे पर शनिवार देर रात्रि आए आंधी-तूफान के दौरान करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी रविवार सुबह मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।



जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रामस्वरूप पुत्र श्रीराम खटीक निवासी बनेड़ा, उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रात में तेज आंधी और तूफान के कारण ईंट भट्टे की बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। इसी दौरान इनवर्टर से लाइट चालू करने के प्रयास में इनवर्टर में आई खराबी के चलते करंट फैल गया, जिससे यह हादसा हुआ।

पूर्व सरपंच गणपत खटीक ने बताया कि संभवतः इनवर्टर चालू करते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। सुबह अन्य मजदूरों के वहां पहुंचने पर रामस्वरूप अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शाहपुरा जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही खटीक समाज के बड़ी संख्या में लोग जिला चिकित्सालय पहुंच गए ।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अवैध बजरी खनन की शिकायत के बाद युवक पर हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत**

जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन की शिकायत करने के बाद एक व्यक्ति पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पीड़ित ने हमले के पीछे अवैध खनन की शिकायत को कारण बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सरदार नगर निवासी सत्यनारायण तेली ने बताया कि वह अपने साथी सोहन कुमावत के साथ शोभागपुरा बस स्टैंड पर चाय पी रहा था। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और कथित रूप से लाठियों, सरियों एवं स्टील पाइप से हमला कर दिया। हमले में सत्यनारायण के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

घायल को प्राथमिक उपचार के लिए बनेड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उसका उपचार जारी है।

सत्यनारायण तेली का आरोप है कि उसने क्षेत्र में चल रहे अवैध बजरी खनन एवं रेत से भरे वाहनों के संचालन की शिकायत की थी। इसी रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट की गई। उसने सरदार नगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन होने का



आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है तथा गहरे गड्ढों के कारण पशुओं और वन्य जीवों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, खनन विभाग की विशेष टीम भेजकर अवैध खनन की जांच करवाने तथा हमले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

उधर, मामले की सूचना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनरेगा श्रमिक वृद्ध महिला की उपचार के दौरान मौत, गांव में शोक

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**परमेश्वर।** सरदार नगर गांव की 75 वर्षीय धनी देवी माली की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि वह 29 मई को पीनारो की नाड़ी क्षेत्र में संचालित मनरेगा कार्यस्थल पर मजदूरी करने गई थीं। कार्य से लौटते समय उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय ले गए, जहां उपचार के दौरान शनिवार देर शाम निधन हो गया।


रविवार को परिजनों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने भीषण गर्मी को देखते हुए श्रमिकों के लिए कार्यस्थलों पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा मृतका के परिजनों को सहायता देने की मांग की है।

## 24 घंटे में खुला बाइक चोरी का राज, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना से मिली सफलता, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद**

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत शहर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उद्योग नगर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से वारदात का पर्दाफाश होने पर पीड़ित ने राहत की सांस ली है। पुलिस के अनुसार कन्सुआ निवासी कर्मवीर सिंह ने 30 मई को उद्योग नगर थाने में अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि उसने 28 मई की रात अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक घर के बाहर हैंडल लॉक लगाकर खड़ी की थी। अगले दिन दोपहर में बाहर आने पर बाइक गायब मिली, जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।



मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास के साक्ष्यों, तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इंदिरा गांधी नगर (डीसीएम) निवासी 29 वर्षीय आसिफ खान उर्फ सोयल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। इसके बाद उसके कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गैंगस्टरों को सोशल मीडिया पर फॉलो करना पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

**अपराधियों का महिमामंडन करने वाली गतिविधियों पर कोटा पुलिस की सख्ती**

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** सोशल मीडिया पर गैंगस्टर संस्कृति को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कोटा पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का आरोप है कि युवक कुख्यात अपराधियों के सोशल मीडिया अकाउंट लगातार फॉलो कर रहा था और उनसे जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में भी शामिल था। मामले को कानून-व्यवस्था के लिए संभावित खतरा मानते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय से पाबंद करवाया है।

उद्योग नगर थाना पुलिस के अनुसार साइबर सेल की निगरानी के दौरान कन्सुआ निवासी 28 वर्षीय कामिल खान की गतिविधियां संदेहास्पद पाई गईं। जांच में सामने आया कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुख्यात अपराधी अमन बच्चा समेत अन्य गैंगस्टरों की प्रोफाइल को नियमित रूप से फॉलो कर रहा था। इसके अलावा अपराधियों से संबंधित पोस्ट और कंटेंट को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में उसकी संलिप्तता भी



सामने आई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर अपराधियों का महिमामंडन युवाओं को गलत दिशा में प्रेरित कर सकता है। इससे समाज में अपराधी मानसिकता को बढ़ावा मिलता है और क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उद्योग नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई कर कामिल खान को गिरफ्तार किया। बाद में उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां भविष्य में किसी भी संदिग्ध गतिविधि से दूर रहने और लोक शांति बनाए रखने के लिए पाबंद किया गया।

## कैफे में चाय पी रहे दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, हमलावर फरार

**मामूली कहासुनी बनी खूनी विवाद की वजह, भीमगंज पुलिस जांच में जुटी**





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक कैफे पर मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक युवक ने कैफे में बैठे दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार गुलाब वाटिका के पास स्थित जनता टी कैफे पर तोहिब हुसैन और उसका दोस्त जाफर अंसारी चाय पी रहे थे। इसी दौरान आफताब नामक युवक वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज हुई, जिसके बाद आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर दोनों युवकों पर हमला कर दिया। हमले में तोहिब हुसैन और जाफर अंसारी घायल हो गए।

घायल तोहिब हुसैन ने बताया कि वे दोनों दोस्त कैफे पर बैठे हुए थे और आपस में मजाक कर रहे थे। इसी दौरान आफताब वहां आया और बिना कारण ही गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने हम दोनों पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी पुलिस जाब्ते के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली।पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

C M Y K

## रखरखाव कार्य के चलते आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

विद्युत विभाग द्वारा अनिवार्य रखरखाव कार्य के चलते सोमवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक गंगापुर-सहाड़ा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी पोटला, 33 केवी सहाड़ा एवं 11 केवी कृषि मंडी रोड फीडर प्रभावित रहेंगे। विभाग के अनुसार सहाड़ा, पोटला, गुड्डा सुरावास, माझावास, दियास, सातलियास, मेहंदी, रायथलियास, टपरिया की खेड़ी, नेगाड़िया का खेड़ा, कांगनी, सालेरा, खाखला सहित आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं गंगापुर नगर क्षेत्र के श्याम नगर, कृषि मंडी रोड, वृंदावन कॉलोनी एवं कबीर बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में भी बिजली बंद रहेगी।

## मांडलगढ़ में पांच करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास




**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

नगर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में रविवार को पांच करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। आंबा की बावड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल ने विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

कार्यक्रम के दौरान लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गुप्तेश्वर महादेव सड़क का लोकार्पण किया गया। वहीं करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सीवरेज लाइन, किले तक जाने वाले मार्ग तथा देवतालाब की पाल मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया।

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगर अध्यक्ष अशोक जीवन, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, भाजपा महिला नेत्री अनिता सुराणा, लादू खटीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष जमनालाल सेन, पूर्व मंडी अध्यक्ष रतनलाल खटीक, श्यामलाल अहीर, महावीर सेन, अधिशासी अधिकारी देवी सिंह राठौड़ सहित जनप्रतिनिधि, नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक क्लिक में उड़ गई जीवनभर की बचत, साइबर जाल में फंसे मां-बेटे के खाते

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

ऑनलाइन लेनदेन की सुविधा जहां लोगों का समय बचा रही है, वहीं साइबर ठग नई-नई तरकीबों से लोगों की जमा पूंजी पर हाथ साफ कर रहे हैं। बिजौलिया में साइबर ठगी का एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें मां-बेटे के बैंक खातों से करीब 2.53 लाख रुपये की राशि संदिग्ध ऑनलाइन ट्रांजेक्शनों के जरिए निकाल ली गई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को शिकायत सौंपकर राशि वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता रमेश खटीक के अनुसार 27 मई की रात उनके बैंक खाते में बिना जानकारी के कई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हुए। बाद में खाते की जांच करने पर पता चला कि अलग-अलग माध्यमों से बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी गई है। कुछ भुगतान क्विकसिल्वर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर दर्शाए गए हैं, जबकि अन्य रकम विभिन्न खातों और प्लेटफॉर्मों के जरिए भेजी गई।

पीड़ित का आरोप है कि उनके खाते से कुल 2 लाख 45 हजार 943 रुपये निकाल लिए गए। इसके अलावा साइबर अपराधियों ने उनकी माता कांती देवी खटीक के बैंक खाते को भी निशाना बनाया और वहां से 7 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। इस प्रकार दोनों खातों से कुल 2 लाख 52 हजार 943 रुपये की राशि गायब हो गई।

रमेश खटीक ने बताया कि उन्होंने न तो किसी को ओटीपी साझा किया और न ही उक्त लेनदेन स्वयं किए। ऐसे में आशंका है कि साइबर ठगों ने किसी तकनीकी माध्यम से बैंकिंग और यूपीआई प्रणाली का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि ट्रांजेक्शन से जुड़े खातों, यूपीआई आईडी और लाभार्थियों की पहचान कर संदिग्ध खातों को तत्काल फ्रीज किया जाए। साथ ही बैंक और संबंधित पेमेंट गेटवे से जानकारी जुटाकर निकाली गई राशि वापस दिलाई जाए तथा आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए।

मामले के समर्थन में पीड़ित ने बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजेक्शन विवरण और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है।

## जनगणना कार्य में सर्वर की समस्या बनी बाधा, पांच दिनों से कार्मिक परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**( नरेश धाकड़)** केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित जनगणना कार्यक्रम में तकनीकी खामियों के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। जनगणना कार्य से जुड़े कार्मिक पिछले पांच दिनों से सर्वर संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे डेटा अपलोड एवं ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है।

कार्मिकों का कहना है कि बार-बार सर्वर डाउन होने, पोर्टल के धीमी गति से चलने तथा लॉगिन संबंधी दिक्कतों के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई बार पूरी जानकारी भरने के बाद भी डेटा सेव नहीं हो रहा, जिससे दोबारा कार्य करना पड़ रहा है। इससे समय और श्रम दोनों की अतिरिक्त बर्बादी हो रही है।

जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में तकनीकी बाधाओं के कारण निर्धारित लक्ष्य एवं समय सीमा प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है। कार्मिकों ने संबंधित विभाग एवं उच्च अधिकारियों से सर्वर क्षमता बढ़ाने तथा तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

क्षेत्र के कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द ही तकनीकी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जनगणना कार्य की गति और अधिक प्रभावित हो सकती है। कार्मिकों ने प्रशासन से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

# भाव-विभोर श्रद्धालुओं के बीच नानी बाई रो मायरो कथा सम्पन्न

## कलश बधाऊ राशि से गरीब कन्या के विवाह में किया जाएगा सहयोग

**भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर।**





**सांवर वैष्णव ।** कस्बे में ब्राह्मणों के मंदिर के समीप आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा महोत्सव का रविवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन भगवान द्वारकाधीश द्वारा भक्त नरसी मेहता की पुत्री नानी बाई का मायरा भरने के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

आयोजक श्यामसुंदर श्रौत्रिय ने बताया कि कथा महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ था। कथा वाचक पंडित दुर्गेश चतुर्वेदी रामपुरिया (बेंगू) ने अपने मुखारविंद से नानी बाई रो मायरो का वाचन करते हुए भक्त नरसी मेहता की भक्ति, भगवान के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा तथा भगवान द्वारकाधीश द्वारा मायरा भरने के प्रसंग का सजीव वर्णन किया।

कथा के दौरान भगवान द्वारकाधीश, राधा-रुक्मिणी एवं भक्त नरसी मेहता की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। बैलगाड़ी में सवार झांकियों के साथ निकले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भजनों पर नाचते-गाते चले। फूलों की होली और भक्ति संगीत ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सवाईपुर, सालरिया, ढेलाणा, कंवलियास, भीलवाड़ा, गेंदलिया, अड़सीपुरा, आकोला, चावंडिया, सोपुरा और डसाणिया का खेड़ा सहित आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा की पूर्णाहुति के बाद प्रसादी वितरण किया गया।

इस अवसर पर पंडित दुर्गेश चतुर्वेदी ने बताया कि कथा के दौरान कलश बधाऊ में श्रद्धालुओं द्वारा दी गई राशि गरीब एवं जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग के लिए समर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा तक एकत्रित होने वाली संपूर्ण राशि किसी पात्र कन्या के विवाह हेतु प्रदान की जाएगी। इसके लिए श्रद्धालुओं से वस्त्र आदि की बजाय आर्थिक सहयोग देने का आग्रह किया गया, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों की सहायता की जा सके।

## पीहर की चौखट पर लौटीं संस्कारों की सरिता देशभर से मायके पहुंचीं झंवर परिवार की बेटियां, 151 ब्राह्मण दंपतियों को कराया ब्रह्मभोज व ठाकुरजी को लगाया छप्पन भोग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी**





पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर झंवर परिवार की बेटियों एवं पोतियों ने अपने मायके शाहपुरा में धर्म, सेवा और संस्कारों का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। देश के विभिन्न शहरों में विवाह के बाद स्थापित बेटियां एक साथ शाहपुरा पहुंचीं और धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से पारिवारिक परंपराओं को जीवंत रखा।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर के प्रसिद्ध गोविंद देवजी मंदिर में हुई, जहां श्रद्धालु बेटियों ने ठाकुरजी को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया। पुजारी महावीर शर्मा के सान्निध्य में पूजा-अर्चना और भोग का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान परिवार, समाज और नगर की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

इसके बाद माहेश्वरी भवन में विशाल ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के 151 ब्राह्मण दंपतियों को ससम्मान आमंत्रित कर भोजन प्रसादी कराई गई। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएं परिवार की बेटियों और पोतियों ने स्वयं संभाली। अतिथियों के स्वागत-सत्कार से लेकर भोजन व्यवस्था तक सभी कार्य सेवा भाव से संपन्न किए गए।

झंवर परिवार के रूपचंद झंवर एवं रतनलाल झंवर की बेटियों और पोतियों ने कहा कि बेटियां विवाह के बाद भी अपने पीहर के संस्कारों और परंपराओं से जुड़ी रहती हैं। धर्म और समाजहित के कार्यों में भागीदारी करना उनके लिए गौरव का विषय है। ऐसे आयोजन पारिवारिक एकता को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को भी संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

आयोजन में उपस्थित समाजजनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने झंवर परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां केवल परिवार की शान ही नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपराओं की सशक्त संवाहक भी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ पारिवारिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं।

पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस सेवा और धर्ममय आयोजन ने शाहपुरा की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान की। झंवर परिवार की बेटियों द्वारा निभाई गई यह परंपरा नगर में चर्चा का विषय बनी रही और लोगों ने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी मिसाल बताया।

## 108 कुण्डीय महायज्ञ में उमड़ रही आस्था, 2 जून को होंगे चारभुजानाथ-यज्ञ लक्ष्मी के मंगल फेरे

### श्री बानोड़ा बालाजी धाम में सात दिवसीय धार्मिक आयोजन बना श्रद्धा का केंद्र, भजन-कीर्तन और यज्ञ में हजारों श्रद्धालु शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।**



क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री बानोड़ा बालाजी धाम में इन दिनों भक्ति, आस्था और वैदिक अनुष्ठानों का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सात दिवसीय 108 कुण्डीय महायज्ञ एवं पाटोत्सव में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। तपती गर्मी के बावजूद यज्ञशाला में यजमानों और भक्तों का उत्साह चरम पर है। महायज्ञ की पूर्णाहुति 2 जून को होगी, जिसके साथ भगवान श्री चारभुजानाथ और श्री यज्ञ लक्ष्मीजी का दिव्य विवाहोत्सव भी संपन्न कराया जाएगा।

धार्मिक आयोजन के तहत प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यज्ञ कुंडों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां देकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे पुष्पों और आकर्षक सजावट से भव्य स्वरूप दिया गया है, जहां दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

आयोजन स्थल पर भक्ति का माहौल उस समय और भी भावपूर्ण हो जाता है जब भजन-कीर्तन की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूम उठते हैं। पंजाबी बैंड की प्रस्तुतियां और संगीतमय भजनों ने धार्मिक उत्सव में अलग ही रंग भर दिया है। शाम के समय आयोजित भजन संध्या और देवी-देवताओं की इलेक्ट्रॉनिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई हैं।


भीषण गर्मी को देखते हुए सेवा मंडल द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। परिसर में जगह-जगह पानी के नोजल स्प्रे लगाए गए हैं, जिससे दर्शनार्थियों और यजमानों को राहत मिल रही है।

आचार्य पंडित कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि श्री बानोड़ा बालाजी के सान्निध्य में आयोजित यह श्रीराम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ और श्रीराम दिव्य रथ भ्रमण का विशेष आयोजन है। उन्होंने बताया कि यह श्री बानोड़ा बालाजी धाम में आयोजित हो रहा 22वां वार्षिक श्रीराम महायज्ञ है, जो लगातार श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

उन्होंने बताया कि श्रीरामचरितमानस के सवा लाख पाठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिद्धिकरण, भगवान कल्कि अवतार एवं यज्ञ लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति के लिए दशांश हवन-तर्पण किया जा रहा है। इसके तहत 12,551 दशांश हवनों का संकल्प लिया गया है, जिन्हें श्रीराम दिव्य रथ के माध्यम से गांव-गांव पहुंचाकर संपन्न कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बानोड़ा बालाजी धाम पर 108 कुण्डीय विशाल दशांश हवन यज्ञ और पाटोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

महायज्ञ में श्रद्धालु लक्ष्मी प्राप्ति, आरोग्य, सुख-समृद्धि, अष्ट सिद्धि, नव निधि तथा पारिवारिक कल्याण की कामना के साथ भागीदारी निभा रहे हैं। आयोजन में 27 गांवों से आए बेवाणों को भी यज्ञशाला में विराजमान किया गया है, जो धार्मिक एकता और जनसहभागिता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

महायज्ञ का मुख्य आकर्षण 2 जून को होने वाला भगवान श्री चारभुजानाथ एवं श्री यज्ञ लक्ष्मीजी का विवाहोत्सव रहेगा। इसी दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी तथा विशाल प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



QUICK BITES

## जोगणिया माता शक्तिपीठ से जल संरक्षण का संदेश, श्रद्धालुओं ने किया श्रमदान

भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं ।



राज्य सरकार के 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत जोगणिया माता शक्तिपीठ में जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत श्रद्धालुओं, संस्थान पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जोगणिया माता मंदिर में विशेष आरती से हुई, जिसमें प्रदेश की सुख-समृद्धि, उत्तम वर्षा एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जागरण की कामना की गई। इसके बाद अभियान से जुड़े लोगों ने संस्थान क्षेत्र के प्रमुख जल स्त्रोत सूर्यकुंड तालाब (एनिकट) तथा गायत्री मंदिर परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया।

अभियान के दौरान वक्ताओं ने जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को समय की आवश्यकता बताते हुए आमजन से भी इसमें भागीदारी निभाने का आह्वान किया। श्रमदान में संस्थान के पदाधिकारी, कर्मचारी, धर्मप्रेमी श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजकों ने बताया कि 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत आगामी दिनों में भी जन-जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि जल बचाने और जल स्त्रोतों को संरक्षित रखने का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच सके।

## बसंत विहार गांधी नगर माहेश्वरी महिला मंडल ने की अधिक मास पर त्रिविध पुरुषोत्तम सेवा

### अन्न, जल और वायु दान से महिलाओं ने कमाया पुण्य, गौसेवा व गरीबों को कराया नाश्ता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




अधिक मास के पावन अवसर पर रविवार, को रामधाम गौशाला में बसंत विहार गांधी नगर माहेश्वरी महिला मंडल की महिलाओं द्वारा त्रिविध पुरुषोत्तम सेवा का आयोजन किया गया। प्रातः 7.15 बजे एकत्रित महिलाओं ने अन्न, जल और वायु तत्व से जुड़ी सेवाओं द्वारा पुण्य लाभ अर्जित किया। मंडल अध्यक्ष शोभा राठी एवं सचिव सुनीता लढ़ा के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने सहयोग राशि से विविध सेवा कार्य किए। गौमाता को हरा चारा, लापसी खिलाई गई व कबूतरों को दाना डाला गया। साथ ही 100 से अधिक गरीबों को नाश्ता करवाकर अन्नदान किया गया। गौशाला में गायों के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिरों में 3 पंखे दान किए गए, ताकि दर्शनार्थियों को राहत मिले। कार्यक्रम प्रभारी रेखा लढ़ा, मीता सोमानी, आरती लढ़ा व सीमा तोतला ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में की गई सेवा कई गुना फलदायी होती है। सभी महिलाओं ने तन-मन-धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर अमिता लढ़ा, अनिता माहेश्वरी, चंदा आगाल, प्रेम तपड़िया, बरखा बिड़ला, वंदना सोमानी, शशि धूपड़, सुमन राठी सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महेश्वरी समाज की महिलाओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा, चारभुजा नाथ व मां चामुंडा के दरबार में की पूजा-अर्चना

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

(रोशन )। महेश्वरी समाज की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं बहन-बेटियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से आई समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ नगर में धर्ममय वातावरण बना दिया।



शोभायात्रा चारभुजा नाथ मंदिर एवं मां चामुंडा माता के मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समाज एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सामूहिक भोजन एवं दान-पुण्य का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम में गांव सहित बाहर से आए अनेक गणमान्य नागरिकों, समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज की एकता, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को मजबूत करने वाला आयोजन बताया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे का माहौल बना रहा।

# हरिशेवा उदासीन आश्रम में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी

## 1 से 7 जून तक श्रीमद्भागवत कथा, 8 से 14 जून तक शिव महापुराण कथा होगी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पुरुषोत्तम मास के अवसर पर सनातन सेवा समिति एवं हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी है। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के सानिध्य में रविवार को सामूहिक पूर्णिमा उद्यापन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ।




इस अवसर पर आयोजित श्री सत्यनारायण कथा में पंडित गौरी शंकर शास्त्री ने पुरुषोत्तम मास का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान का स्मरण जीवन को सफल बनाता है। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास जप, तप, दान, पूजा-पाठ एवं सत्संग के लिए अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। इस माह में किए गए धार्मिक कार्यों का विशेष फल प्राप्त होता है तथा ईश्वर के स्मरण से जीवन में आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है।

श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर व्रत, जप, तप एवं धार्मिक अनुष्ठानों का उद्यापन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।


आश्रम के संत मायाराम ने बताया कि 1 जून से 7 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन जबलपुर के पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज करेंगे। इसके बाद 8 जून से 14 जून तक श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन होगा, जिसमें काशी के विद्वान संत डॉ. स्वामी निर्मल दास महाराज श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराएंगे।

संत गोविन्दराम ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के समापन पर 15 जून को विशाल संत समागम आयोजित होगा। इस अवसर पर विष्णु यज्ञ की पूर्णाहुति, पाठ-परायण पूर्णाहुति, गंगा आरती एवं रामधुन विश्राम सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा एवं समापन समारोह में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

# तिलस्वा महादेव धाम में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हवन, क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

( नरेश धाकड़)उपरमाल क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलस्वा महादेव धाम में ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं अच्छी वर्षा की कामना की।



कार्यक्रम में तिलस्वा महादेव धाम ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल धाकड़ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुतियां अर्पित करते हुए उपरमाल क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों एवं आमजन के जीवन में खुशहाली आने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है।

हवन के पश्चात महादेव का विशेष अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के साथ धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजन के दौरान उपस्थित भक्तों ने क्षेत्र में उत्तम वर्षा, कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा जनकल्याण की मंगलकामना की। धाम परिसर में पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने महादेव के दर्शन कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन के सफल संचालन में ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# नापाखेड़ा विद्यालय में 15 दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादक शिविर का समापन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

दिलखुश

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नापाखेड़ा में आयोजित 15 दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादक शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर प्रभारी स्वाति मीणा एवं सह-प्रभारी गोपाल लाल कुमावत के निर्देशन में आयोजित शिविर में 22 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल टंकियों की सफाई सहित विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों में योगदान दिया। इसके साथ ही 'वंदे गंगा जल अभियान' के तहत जागरूकता रैली निकालकर जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।

समापन समारोह में उप-प्रधानाचार्य कमल सिंह मीणा ने विद्यार्थियों को समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने शिविर के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

पंचायत शिक्षक गोपाल लाल कुमावत ने बताया कि शिविर में शामिल छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक एवं समाजोपयोगी गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न कर अनुकरणीय योगदान दिया।

अंत में शिविर प्रभारी स्वाति मीणा ने शिविर के सफल संचालन में सहयोग देने वाले शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी का आभार व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रक्तदान महादान का संदेश, मातृशक्ति ने किया आज होने वाले रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीषण गर्मी के कारण ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को देखते हुए रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। संगठन की बैठक रविवार को चामुंडा माता मंदिर परिसर में आयोजित हुई, जिसमें 1 जून को आयोजित होने वाले विराट रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया।




बैठक का आयोजन रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड़ एवं जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ के नेतृत्व में हुआ। जिलाध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि भीलवाड़ा ब्लड सेंटर एवं गंगा फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 1 जून 2026 को विराट रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड़ ने उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते विभिन्न ब्लड बैंकों में रक्त की कमी बनी हुई है, ऐसे में रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है।

बैठक के दौरान पार्षद मधु शर्मा, जिला महामंत्री नीलम कंवर सोलंकी, उपाध्यक्ष सीमा कंवर, सोनम कंवर, मनोज कंवर, आरती शेखावत, कोषाध्यक्ष स्वीटी कंवर कानावत, जिला प्रवक्ता सुनीता कंवर जादू, संगठन मंत्री पूजा कंवर, प्रियंका कंवर, गायत्री कंवर, नंद कंवर सहित संगठन की कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# भीलवाड़ा में साइकिलों के पहियों पर दौड़ा जल संरक्षण का संदेश

## विशाल साइकिल एवं पैदल रैली में उमड़ा जनसैलाब, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने दिखाई भागीदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जल संरक्षण, ईंधन बचत और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का संदेश लेकर रविवार को भीलवाड़ा की सड़कों पर उत्साह, ऊर्जा और जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र एवं भीलवाड़ा साइकिल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विशाल साइकिल एवं पैदल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रैली को सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी एवं जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नगर निगम स्थित चित्रकूट धाम पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि 'वंदे गंगा अभियान केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि यह राष्ट्रहित और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा जनआंदोलन है।' उन्होंने नागरिकों से जल की प्रत्येक बूंद बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि साइकिल का अधिकाधिक उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि इससे ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान मिलता है।




विधायक अशोक कोठारी ने भी स्वयं पूरी रैली में साइकिल चलाकर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है और प्रदूषण पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की।

रैली की खास बात यह रही कि इसमें छोटे बच्चों से लेकर 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों ने भी पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने 'वंदे गंगा का संदेश, जल बचाए पूरा देश ', 'जल बचाओ, पुण्य कमाओ' और 'जीवन में साइकिल अपनाएं, जल और ईंधन दोनों बचाएं ' जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।

भीलवाड़ा साइकिल क्लब के प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि रैली में मदन खटोड़, राकेश सक्सेना, सुरेश बम्ब, दिनेश भट्ट, राजकुमार अजमेरा, मुकेश कुमावत, विजय कपूर, अजीत जैन, डॉ. देवेंद्र पुरी गोस्वामी, डॉ. फरियाद मोहम्मद, सुरेंद्र छीपा, प्रशांत सिंह परमार, सत्यनारायण राठी, सोम शर्मा सहित बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमियों ने भाग लिया। वहीं पैदल रैली में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमियों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। जिला ओलंपिक संघ के लाजपत आचार्य, बास्केटबॉल प्रशिक्षक निशा राजपूत, टेबल टेनिस प्रशिक्षक गोपाल माली, बॉक्सिंग प्रशिक्षक राकेश धाकड़ एवं एथलेटिक्स प्रशिक्षक धर्मपाल यादव सहित अनेक खेल हस्तियां मौजूद रहीं।

इस प्रेरणादायी आयोजन के माध्यम से भीलवाड़ा ने जल संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण सुरक्षा का मजबूत संदेश देते हुए सामाजिक जागरूकता की नई मिसाल पेश की।

# भीषण गर्मी में जल संकट नहीं होने देंगे: विधायक कोठारी

## पीएचईडी एवं चंबल परियोजना अधिकारियों की बैठक लेकर जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने भीषण गर्मी के मद्देनजर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) एवं चंबल परियोजना के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक अपने कार्यालय में आयोजित की। बैठक में क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान विधायक कोठारी ने अधिकारियों से कहा कि प्रचंड गर्मी के इस दौर में आमजन को किसी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए जल वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त एवं नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जहां कहीं जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल प्रभाव से समाधान किया जाए। विधायक कोठारी ने 'वंदे गंगा जल जन अभियान' के तहत क्षेत्र के प्राचीन जलाशयों, बावड़ियों एवं कुओं को पुनः उपयोगी बनाने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण एवं उपयोग वर्तमान समय की आवश्यकता है और इससे आमजन को काफी राहत मिल सकती है।



बैठक में चंबल परियोजना एवं पीएचईडी विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें विनोद गर्ग अधीक्षण अभियंता चंबल, महेश नरानिया अधिशाषी अभियंता चंबल, किशन खोईवाल अधीक्षण अभियंता, दिलराज मीणा सहायक अभियंता, श्रीराम मीणा कनिष्ठ अभियंता, प्रेम जीनगर सहायक अभियंता, हरीश मीणा कनिष्ठ अभियंता, सुरेश सालवी, विजय सिंह खटाना एवं नरेश गुर्जर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर एडवोकेट अर्पित कोठारी, संजय राठी, केदार जागेटिया, प्रिंस जैन, अजय पाराशर, पृथ्वीराज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# बिजौलिया में सुना गया प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम

## उपजिला चिकित्सालय भवन के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति पर जताई खुशी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** कस्बे के एच.वी.एस. स्कूल में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और विभिन्न विषयों पर उनके विचारों से अवगत हुए। कार्यक्रम के बाद बिजौलिया में उपजिला चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 43.97 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी होने पर खुशी व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।



इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, विधानसभा संयोजक हितेंद्र सिंह राजोरा, पूजा चंद्रवाल, हर्षेंद्रा कुमारी, मनोज गोधा, कमलेश कोली, रतनलाल गोड, शांतिलाल जोशी, जगदीश पुरी, शिव चंद्रावल, मुकेश धाकड़, अनिल खटीक, धर्मराज खटीक, श्रवण खटीक, पुरुषोत्तम महावर, मुकेश खटीक, देवेंद्र लक्षकार, उमाशंकर वैष्णव, प्रकाश शर्मा, पंकज विजयवर्गीय, मुकेश सांखला, चेतन पवार, धर्मराज सिंह पवार, सुनील जोशी, विट्ठल तिवारी, सुधीर नलवाया, उदयलाल कोली, देवीलाल कोली, निलेश नलवाया, अमित जैन, अरुण गुरुजी, नंदलाल सिंधी, योगेश सोनी सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम : विधायक कोठारी







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

वरिष्ठ नागरिक मंच एवं स्वरम संगीत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 14 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह उत्साह और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि समर कैंप केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता तथा शारीरिक और मानसिक विकास को सशक्त बनाने का प्रभावी मंच हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों को नई प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि एवं महेश सेवा समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व नगर परिषद सभापति ओमप्रकाश नरानीवाल ने कहा कि वर्तमान समय में




समर कैंप और अभिरुचि शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके माध्यम से बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का रचनात्मक उपयोग करने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिलता है।

विशिष्ट अतिथि प्रो. योगेश शर्मा ने कहा कि संगीत एक साधना है, जो निरंतर अभ्यास से निखरती है। संगीत की गहराइयों में उतरने से आत्मिक शांति और आनंद की अनुभूति होती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना तथा वीणा खटोड़, मंजुलता भट्ट और उर्मिला माहेश्वरी द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम् से हुआ। महासचिव कृष्ण गोपाल सोमानी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष मदन खटोड़ ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार तोषनीवाल ने व्यक्त किया।

समापन समारोह में बच्चों ने गायन, नृत्य और ढोलक वादन की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। साथ ही आर्ट एंड क्राफ्ट में तैयार की गई आकर्षक कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के संयोजक स्वरम त्रिपाठी ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर ढोलक प्रशिक्षक रोशन वैष्णव, डांस प्रशिक्षक डिंपल माली एवं ईशा शर्मा तथा आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षक इशिता दाधीच और जयश्री शर्मा का सम्मान किया गया। अभिभावकों ने भी शिविर की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायी बताया। समारोह में विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल टांक, कैलाश चंद्र पुरोहित, उमा शंकर शर्मा, सुशील बंसल, अरुण आचार्य, अशोक डाड, जगदीश चंद्र विजयवर्गीय, बालमुकुंद मोदी, भवानी शंकर शर्मा, शकुंतला बाफना, मंजू खटवड़, पुष्पा तोषनीवाल, रमा पुरोहित, विजयलक्ष्मी सोमानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

QUICK BITES

# मन की बात कार्यक्रम को विधायक कोठारी ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134 वें एपिसोड को भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना।

इस अवसर पर विधायक कोठारी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों, जनभागीदारी आधारित अभियानों तथा राष्ट्र निर्माण के प्रेरक प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार देशवासियों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार, आत्मनिर्भरता तथा समाजहित में किए जा रहे कार्यों पर व्यक्त विचारों को उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गंभीरता से सुना। इस अवसर पर भाजपा नेता कन्हैयालाल स्वर्णकार, बाबू लाल टाक, विवेक निमावत, मनोज भारद्वाज, सत्य नारायण गुग्गड, गजेन्द्र सिंहराठौड़ ,चेतन मानसिंहका, कमल कोठारी, संजय राठी, पृथ्वी राज सिंह चौहान, अभिषेक पाराशर, विक्रम सिंह,प्रिंस जैन तथा अजय पाराशर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन, मक्का की उन्नत किस्मों की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**




**(रोशन वैष्णव)** मुकुंदपुरिया स्थित चामुंडा माता मंदिर, नील की खेड़ी में शुक्रवार को श्रीराम बायोसीड कंपनी के तत्वावधान में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को बायोसीड मक्का 9766 एवं 9546 प्लस की विशेषताओं, अधिक पैदावार, रोग एवं कीट नियंत्रण सहित आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

संगोष्ठी में करीब 385 किसानों एवं 13 विक्रेता बंधुओं ने भाग लेकर कृषि विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत बीजों के उपयोग एवं बेहतर उत्पादन के तरीकों पर विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर रीजनल मैनेजर पुष्पेंद्र, टेरिटरी मैनेजर विनोद रायका, मार्केट डेवलपमेंट ऑफिसर विनोद धाकड़, शिव शंकर व्यास, पप्पू लाल धाकड़, विक्रेता बंधु गोपाल कुमावत, उदयलाल धाकड़, मदन धाकड़, त्रिलोक सहित अनेक विक्रेता बंधु एवं सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# आंधी-बारिश का कहर, कई जगह पेड़ गिरे, सोलर प्लेटें उखड़ी

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



प्रदेश में पिछले दो दिनों से जारी आंधी और बारिश का दौर शनिवार को चरम पर पहुंच गया। उपखंड क्षेत्र सहित आसपास के कई गांवों और कस्बों में दोपहर बाद अचानक तेज धूलभरी आंधी चलने से जनजीवन प्रभावित हो गया। आंधी के कारण शहर और गांव मिट्टी की चादर में लिपट गए तथा लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज अंधड़ के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, जबकि खुले क्षेत्रों में टीनशेड और अन्य हल्के ढांचे भी प्रभावित हुए। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह बिजली आपूर्ति भी बाधित होने की सूचना मिली। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई घरों की छतों पर लगे सोलर पैनल तक उखड़ गए।

गंगापुर कस्बे के निवासी दिनेश चंद्र पिछोलिया ने बताया कि शनिवार रात्रि को चली तेज आंधी के दौरान उनके मकान की छत पर लगा सोलर प्लांट स्टैंड सहित उखड़ गया और पास स्थित नोहरे में जा गिरा। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि सोलर प्लांट को नुकसान पहुंचा है।

क्षेत्र के कई गांवों में भी पेड़ गिरने और छोटे-मोटे नुकसान की खबरें सामने आई हैं। आंधी और बारिश के कारण मौसम में ठंडक जरूर घुल गई, लेकिन किसानों और आमजन को नुकसान की चिंता भी सताने लगी है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

# बद्रीनारायण ट्रस्ट की नौतपा तपिश में अनूठी पहल, राहगीरों को पिलाई ठंडी छाछ, उमड़ी भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर की पुरानी धानमंडी स्थित धानमंडी स्थित प्राचीन बद्रीनारायण भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा भीषण गर्मी और नौतपा के प्रकोप को देखते हुए एक सराहनीय पहल की गई है। ट्रस्ट की ओर से रविवार को आमजन की सेवा और धार्मिक भावना के सम्मान में ठंडी छाछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण धूप और तपन के बीच राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए यह आयोजन बड़ी राहत लेकर आया। ठंडी छाछ पीने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस आयोजन से क्षेत्र के कई लोग लाभान्वित हुए और सभी ने ट्रस्ट के इस लोक-कल्याणकारी कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। तीखी धूप में बाजार से गुजरने वाले हर व्यक्ति को रोककर बड़े ही आदर के साथ छाछ वितरित की गई। ट्रस्ट के अनुसार, लगभग 500 लोगों ने इस आयोजन का लाभ उठाया और शीतल पेय पीकर तृप्ति महसूस की। कार्यक्रम का शुभारंभ बद्रीनाथ की आराधना और पूजा-अर्चना के साथ विधि-विधान से किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्य में स्थानीय समाजसेवियों का भी भरपूर योगदान देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता अशोक भदादा का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा, जिन्होंने व्यवस्थाएं संभालने में मुख्य भूमिका निभाई। ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश भदादा ने कार्यक्रम के समापन पर जानकारी देते हुए बताया कि धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक सरोकार के तहत ट्रस्ट समय-समय पर ऐसे जनहित के कार्य करता रहता है। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।